>

Title: Regarding construction of bridge under Pradhan Mantri Sadak Yojana in Darbhanga Parliamentary Constituency, Bihar.

श्री गोपाल जी ठाकुर (दरभंगा): महोदय, आपने मुझे जीरो ऑवर में बोलने का समय दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद ।

25 दिसंबर, 2000 ई. को प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना परम श्रद्धेय पूर्व प्रधान मंत्री भारत रत्न श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली सरकार के द्वारा की गई थी और इसके माध्यम से लगभग 97 प्रतिशत छोटे, बड़े गाँव आज पक्की सड़कों से जुड़ गए हैं ।

महोदय, इस महत्वपूर्ण योजना को विस्तृत रूप प्रदान करके परम आदरणीय यशस्वी तेजस्वी प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र भाई मोदी जी के नेतृत्व वाली केंद्र की सरकार ने पीएमजीएसवाई फेज तीन की शुरुआत 2019-20 में की है । नि:संदेह इस योजना से ग्रामीण क्षेत्रों का सामाजिक और आर्थिक सशक्तीकरण होगा ।

महोदय, प्रधान मंत्री सड़क योजना के द्वारा हमारे संसदीय क्षेत्र दरभंगा में भी अनेक सड़कों का निर्माण किया गया, लेकिन अभियंताओं के द्वारा तैयार डीपीआर बनाने में अनियमितता बरती गई, क्योंकि आज भी कई ऐसी सड़कें हैं, जो प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना से निर्मित की गई हैं, उनमें पुलों के अभाव के कारण सड़क कई जगह दो भाग में विभक्त है ।

महोदय, ज्ञात हो कि दरभंगा अत्यधिक बाढ़ प्रभावित क्षेत्र है । वर्ष 2019 में ऐसी सड़कों का सर्वे किया गया और विभक्त सड़कों को जोड़ने हेतु मिसिंग लिंक ब्रिज की सूची बनाई गई, जो ओमास पर भी अंकित है ।

महोदय, आपके माध्यम से माननीय मंत्री ग्रामीण विकास से आग्रह है कि किरतपुर, गौड़ाबौराम, घनश्यामपुर, बिरौल, घनश्यामपुर, अलीनगर, मनीगाछी,

तारडीह, दरभंगा सदर, बहादुरपुर, हनुमान नगर, बहेड़ी, बेनीपुर आदि सभी प्रखण्डों में कई वर्षों से पुल बनाने का इंतजार है ।

वर्ष 2029 में मिसिंग लिंक ब्रिज की सूची बनाई गई, जो ओमास पर अंकित है को फेज थ्री में लेकर बनाया जाए और अनियमितता बरते वाले अधिकारी पर कार्रवाई की जाए । धन्यवाद ।

माननीय सभापति : मैं जानकारी के लिए बता देता हूँ, शायद सबको मालूम है । जीरो ऑवर में अधिकतम 150 शब्दों में अपना वक्तव्य और अपनी माँग रखने की आवश्यकता है, इससे ज्यादा नहीं बोलना है । इससे ज्यादा कंप्यूटर भी नहीं लेता है ।

श्रीमती वीणा देवी ।